# ८. जिंदगी का सफर

*– नंदलाल पाठक*

सफर में जिंदगी के कितना कुछ सामान रहता है,
वो खुशकिस्मत है, जिसका हमसफर ईमान रहता है ।

सुखी वह है, जमीं से जो जुड़ा इनसान रहता है,
नदी चलती है झुककर, रास्ता आसान रहता है ।

मेरा परमात्मा मेरी तरह बिल्कुल अकेला है,
मुझे उसका, उसे मेरा हमेशा ध्यान रहता है ।

वे मरकर भी अमर हैं, प्यार है तप-त्याग से जिनको,
चला जाता है जब इनसान, तब बलिदान रहता है ।

मेरे भी पास यादों और सपनों के खजाने हैं,
भिखारी के भी घर में कुछ न कुछ सामान रहता है ।

जरूरी है करे नेकी तो खुद दरिया में डाल आए,
निराशा उसको होती है जो आशावान रहता है ।

ये दुनिया धर्मशाला है, यहाँ बस आना-जाना है,
यहाँ ऐसे रहो जैसे कोई मेहमान रहता है ।

## परिचय

**जन्म :** १९२९, गाजीपुर (उ.प्र.)
**परिचय :** बनारस हिंदू विश्वविद्‌यालय से शिक्षा पूर्ण करने के बाद नंदलाल पाठक जी का अधिकांश जीवन मुंबई में शिक्षक के रूप में बीता । वर्तमान में आप महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष के रूप में हिंदी की सेवा कर रहे हैं ।
**प्रमुख कृतियाँ :** 'धूप की छाँह', 'जहाँ पतझर नहीं होता' (कविता संग्रह), 'फिर हरी होगी धरा', 'गजलों ने लिखा मुझको' (हिंदी गजल संग्रह), 'भगवद्‌गीताः आधुनिक दृष्टि' (चिंतन) आदि ।

## पद्‌य संबंधी

प्रस्तुत गजल के विभिन्न शेरों में गजलकार नंदलाल पाठक जी ने ईमान, विनम्रता, त्याग, बलिदान, परोपकार आदि गुणों को दर्शाया है । आपका मानना है कि यह दुनिया एक सराय की तरह है । यहाँ जीवों का आना-जाना सतत चलता रहता है ।



## शब्द वाटिका

**खुशकिस्मत** = भाग्यवान
**हमसफर** = सहयात्री
**दरिया** = नदी

### कहावत

**नेकी कर दरिया में डाल =** उपकार करके भूल जाना

*** सूचना के अनुसार कृतियाँ करो :–**

**(१) कृति पूर्ण करो :**

कवि के खजाने

[ ] [ ]

**(२) जोड़ियाँ मिलाओ :**

| अ | उत्तर | आ |
|---|---|---|
| जिंदगी | -------- | अकेला |
| परमात्मा | -------- | धर्मशाला |
| दुनिया | -------- | प्यार |
| तप-त्याग | -------- | सफर |

**(३) पंक्तियों का अर्थ लिखो :**

१. निराशा उसको होती है जो आशावान होता है ।
२. सुखी वह है, जमीं से जो जुड़ा इंसान रहता है ।

**कल्पना पल्लवन**

'विनम्रता में वीरता समाहित है' विषय पर अपने विचार लिखो ।

**भाषा बिंदु**

(अ) पाठों में आए शब्दयुग्म ढूँढ़कर उनकी सूची बनाओ ।
(आ) शब्द शुद्ध करके लिखो : द्रुष्य, उनत्त, सघंर्श, मधुमख्की, औद्योगीक

**उपयोजित लेखन**

'यशवंत शैक्षिक सामग्री भंडार' के व्यवस्थापक को भूगोल विषय की शैक्षिक सामग्री की माँग करते हुए पत्र लिखो ।



### मैंने समझा

-----------------------------------------------
-----------------------------------------------
-----------------------------------------------



**स्वयं अध्ययन**

व्यसनों से होने वाले दुष्परिणामों पर छह से आठ वाक्य लिखो ।

I7IQ5J

# व्याकरण विभाग

शब्द भेद

## (१) विकारी शब्द और उनके भेद

| संज्ञा | सर्वनाम | विशेषण | क्रिया |
|---|---|---|---|
| जातिवाचक | पुरुषवाचक | गुणवाचक | सकर्मक |
| व्यक्तिवाचक | निश्चयवाचक<br>अनिश्चयवाचक | परिमाणवाचक<br>१.निश्चित २.अनिश्चित | अकर्मक |
| भाववाचक | निजवाचक | संख्यावाचक<br>१. निश्चित २. अनिश्चित | संयुक्त |
| द्रव्यवाचक | प्रश्नवाचक | सार्वनामिक | प्रेरणार्थक |
| समूहवाचक | संबंधवाचक | - | सहायक |

## (२) अविकारी शब्द(अव्यय)

- क्रियाविशेषण अव्यय
- संबंधसूचक अव्यय
- समुच्चयबोधक अव्यय
- विस्मयादिबोधक अव्यय

## (३) क्रिया के काल

- वर्तमान काल
  - सामान्य
  - अपूर्ण
  - पूर्ण
- भूतकाल
  - सामान्य
  - अपूर्ण
  - पूर्ण
- भविष्य काल
  - सामान्य
  - अपूर्ण
  - पूर्ण

## (४) वाक्य के प्रकार

**रचना की दृष्टि से**

१. साधारण
२. मिश्र
३. संयुक्त

**अर्थ की दृष्टि से**

१. विधानार्थक
२. निषेधार्थक
३. प्रश्नार्थक
४. आज्ञार्थक
५. विस्मयादिबोधक
६. संदेशसूचक

## (५) मुहावरों, कहावतों का प्रयोग/चयन करना

## (६) वाक्य शुद्धीकरण

## (७) सहायक क्रिया पहचानना

## (८) प्रेरणार्थक क्रिया पहचानना

## (९) कारक

## (१०) विरामचिह्न

## (११) वर्णविच्छेद

**शब्द संपदा –** (पाँचवीं से आठवीं तक)

शब्दों के लिंग, वचन, विलोमार्थक, समानार्थी, पर्यायवाची, शब्दयुग्म, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, सम्मोचारित मराठी-हिंदी, भिन्नार्थक शब्द, कठिन शब्दों के अर्थ, उपसर्ग-प्रत्यय पहचानना/अलग करना, कृदंत-तद्धित बनाना, मूल शब्द अलग करना ।

# उपयोजित लेखन (रचना विभाग)

**✻ पत्रलेखन**

अपने विचारों, भावों को शब्दों के द्‌वारा लिखित रूप में अपेक्षित व्यक्ति तक पहुँचा देने वाला साधन है पत्र ! हम सभी 'पत्रलेखन' से परिचित हैं ही । आज कल हम नई-नई तकनीक को अपना रहे हैं । पत्रलेखन में भी आधुनिक तंत्रज्ञान/तकनीक का उपयोग करना समय की माँग है । आने वाले समय में आपको ई-मेल भेजने के तरीके से भी अवगत होना है । अतः इस वर्ष से पत्र के नये प्रारूप के अनुरूप ई-मेल की पद्‌धति अपनाना अपेक्षित है ।

**✻ पत्र लेखन के मुख्य दो प्रकार हैं, औपचारिक और अनौपचारिक ।**

## पत्र लेखन के प्रारूप

### (१) औपचारिक पत्र का प्रारूप

दिनांक :
प्रति,
...........
...........
विषय : ..............
संदर्भ : ..............
महोदय,
विषय विवेचन

..............................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................

भवदीय/भवदीया,
नाम : ....................
पता : ....................
....................
ई-मेल आईडी : ....................

### (२) अनौपचारिक पत्र का प्रारूप

दिनांक : ..........
संबोधन : ..........
अभिवादन : ..........

विषय विवेचन :

----------------------------------------------
----------------------------------------------
----------------------------------------------
----------------------------------------------

तुम्हारा/तुम्हारी,
....................
नाम : ..........
पता : ..........
ई-मेल आईडी : ...........

## गद्‌य आकलन (प्रश्न निर्मिति)

• दिए गए परिच्छेद (गद्‌यांश) को पढ़कर उसी के आधार पर पाँच प्रश्नों की निर्मिति करनी है । प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में हों ऐसे ही प्रश्न बनाए जाएँ ।

**❋ प्रश्न ऐसे हों :** • तैयार प्रश्न सार्थक एवं प्रश्न के प्रारूप में हो । • प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्मित गद्‌यांश में हों । • रचित प्रश्न के अंत में प्रश्नचिह्न लगाना आवश्यक है । • प्रश्न का उत्तर नहीं लिखना है । • प्रश्न रचना पूरे गद्‌यांश पर होनी आवश्यक है ।

**❋ वृत्तांत लेखन :** वृत्तांत का अर्थ है- घटी हुई घटना का विवरण/रपट/अहवाल लेखन । यह रचना की एक विधा है । वृत्तांत लेखन एक कला है, जिसमें भाषा का कुशलतापूर्वक प्रयोग करना होता है । यह किसी घटना, समारोह का विस्तृत वर्णन है जो किसी को जानकारी देने हेतु लिखा होता है । इसे रिपोर्ताज, इतिवृत्त, अहवाल आदि नामों से भी जाना जाता है । **वृत्तांत लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य बातें :** • वृत्तांत में घटित घटना का ही वर्णन करना है । • घटना, काल, स्थल का वर्णन अपेक्षित होता है । साथ-ही-साथ घटना जैसी घटित हुई उसी क्रम से प्रभावी और प्रवाही भाषा में वर्णित हो । • आशयपूर्ण, उचित तथा आवश्यक बातों को ही वृत्तांत में शामिल करें । • वृत्तांत का समापन उचित पद्‌धति से हो ।

**❋ कहानी लेखन :** कहानी सुनना-सुनाना आबाल वृद्‌धों के लिए रुचि और आनंद का विषय होता है । कहानी लेखन विद्‌यार्थियों की कल्पनाशक्ति, नवनिर्मिति व सृजनशीलता को प्रेरणा देता है ।

**कहानी लेखन में निम्न बातों की ओर विशेष ध्यान दें :** • शीर्षक, कहानी के मुद्‌दों का विस्तार और कहानी से प्राप्त सीख, प्रेरणा, संदेश ये कहानी लेखन के अंग हैं । कहानी भूतकाल में लिखी जाए । कहानी के संवाद प्रसंगानुकूल वर्तमान या भविष्यकाल में हो सकते हैं । संवाद अवतरण चिह्न में लिखना अपेक्षित है । • कहानी लेखन की शब्दसीमा सौ शब्दों तक हो । • कहानी के आरंभ में शीर्षक लिखना आवश्यक होता है । शीर्षक छोटा, आकर्षक, अर्थपूर्ण और सारगर्भित होना चाहिए । • कहानी में कालानुक्रम, घटनाक्रम और प्रवाह होना आवश्यक है । • घटनाएँ धाराप्रवाह अर्थात एक दूसरे से शृंखलाबद्‌ध होनी चाहिए । • कहानी लेखन में आवश्यक विरामचिह्नों का प्रयोग करना न भूलें । • कहानी लेखन करते समय अनुच्छेद बनाएँ । • कहानी का विस्तार करने के लिए उचित मुहावरे, कहावतें, सुवचन, पर्यायवाची शब्द आदि का प्रयोग करें ।

**❋ विज्ञापन :** वर्तमान युग स्पर्धा का है और विज्ञापन इस युग का महत्‍त्‍वपूर्ण अंग है । आज संगणक तथा सूचना प्रौद्‌योगिकी के युग में, अंतरजाल (इंटरनेट) एवं भ्रमणध्वनि (मोबाइल) क्रांति के काल में विज्ञापन का क्षेत्र विस्तृत होता जा रहा है । विज्ञापनों के कारण किसी वस्तु, समारोह, शिविर आदि के बारे में पूरी जानकारी आसानी से समाज तक पहुँच जाती है । लोगों के मन में रुचि निर्माण करना, ध्यान आकर्षित करना विज्ञापन का मुख्य उद्‌देश्य होता है ।

**विज्ञापन लेखन करते समय निम्न मुद्‌दों की ओर ध्यान दें :** • कम-से-कम शब्दों में अधिकाधिक आशय व्यक्त हों । • नाम स्पष्ट और आकर्षक ढंग से अंकित हो । • विषय के अनुरूप रोचक शैली हो । आलंकारिक, काव्यमय, प्रभावी शब्दों का उपयोग करते हुए विज्ञापन अधिक आकर्षक बनाएँ । • विज्ञापन में उत्पाद की गुणवत्ता महत्‍त्‍वपूर्ण होती है ।

**❋ अनुवाद लेखन :** एक भाषा का आशय दूसरी भाषा में लिखित रूप में व्यक्त करना ही अनुवाद कहलाता है । अनुवाद करते समय लिपि और लेखन पद्‌धति में अंतर आ सकता है परंतु आशय, मूलभाव को जैसे वैसे रखना पड़ता हैं ।

अनुवाद : शब्द, वाक्य और परिच्छेद का करना है ।

**❋ निबंध लेखन :** निबंध लेखन एक कला है । निबंध का शाब्दिक अर्थ होता है 'सुगठित अथवा 'सुव्यवस्थित रूप में बँधा हुआ' । साधारण गद्‌य रचना की अपेक्षा निबंध में रोचकता और सजीवता पाई जाती है । निबंध गद्‌य में लिखी हुई रचना होती है, जिसका आकार सीमित होता है । उसमें किसी विषय का प्रतिपादन अधिक स्वतंत्रतापूर्वक और विशेष अपनेपन और सजीवता के साथ किया जाता है । एकसूत्रता, व्यक्तित्व का प्रतिबिंब, आत्मीयता, कलात्मकता निबंध के तत्त्व माने जाते हैं । इन तत्त्वों के आधार पर निबंध की रचना की जाती है ।

**निबंध लेखन प्रकार**

- आत्मकथनात्मक
- वर्णनात्मक
- चरित्रात्मक
- कल्पनाप्रधान